पूज्य
# हमारे हनुमान
जीवन प्रबंधन समूह एवं हमारे हनुमान परिवार का मासिक मुखपत्र
1 सितंबर, 2026




### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर इंदौर में हुआ 108वां महापाठ

# 'देश की संपत्ति हम सबकी धरोहर है इसे संभालना भी हमारी जिम्मेदारी'

**इंदौर।**

भविष्य में यदि हमारे हाथ में भी कोई अधिकार हो, संपत्ति को संभालने की जिम्मेदारी आए तो उसे कैसे निभाएं, यह कला हर एक भारतीय को याद होना चाहिए। देश की हर संपत्ति हम सबकी धरोहर है। इसे सहेजना और संभालना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होना चाहिए।

तुलसीदासजी का रामचरित मानस हम भारतीयों को उनकी बहुत बड़ी देन है। जिस प्रकार से उन्होंने इसका गठन किया है, एक-एक सौपान, एक-एक चौपाई हमें सिखाती है जीवन जीया कैसे जाए। किष्किंधा कांड में कुछ प्रसंग ऐसे हैं, जो हमें अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग करते हैं। इसलिए हर राम व हनुमान भक्त को इस कांड के सूत्रों से जरूर गुजरना चाहिए।

यह बात जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहताजी (हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन) ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर अभय प्रशाल परिसर स्थित लाभ मंडपम सभागृह में आयोजित श्री हनुमान चालीसा महापाठ के दौरान कही। 'एक शाम रिश्तों के नामइ कार्यक्रम में किष्किंधा कांड के हनुमानजी पर आधारित व्याख्यान में कहा हमारे किसी भी काम या गतिविधि में निरंतरता जरूरी है। निरंतरता कैसे बनाए रखें, यह श्रीराम तथा हनुमानजी के चरित्र से सीखा जा सकता है।






पूज्य पं. मेहताजी की प्रेरणा से जीवन प्रबंधन समूह तथा महात्योहार आयोजन समिति द्वारा देश के अलग-अलग शहरों में होने वाले हनुमान चालीसा महापाठ की कड़ी में इंदौर में यह 15वां तथा कुल 108वां आयोजन था। टीवी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया के करोड़ों भक्तों ने एक साथ एक ही समय श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## अगला महापाठ 26 सितंबर को नागपुर में

**नागपुर।** श्री हनुमान चालीसा महापाठ की श्रृंखला में अगला आयोजन 26 सितंबर को नागपुर में होगा। 'महाविचार' (एक शाम विचारों के नाम) अनुष्ठान में पं. मेहताजी अर्जुन, दुर्योधन, शकुनि तथा भगवान श्रीकृष्ण को केंद्र में रखते हुए गीता के माध्यम से विषाद और समर्पण की व्याख्या करेंगे। आयोजन समिति के श्री गोपाल चांडक व श्री सतीश काबरा ने बताया आयोजन को लेकर तैयारियां जारी हैं। नागपुर में होने वाला यह 8वां तथा कुल 109वां महापाठ होगा।






हनुमान चालीसा
की ऑनलाइन क्लास
गुरु जी की शाला
43 चौपाइयों में छिपे जीवन प्रबंधन के सूत्र
11 शनिवार लगातार
शाम 7 से 8 बजे, 11 कक्षाएं
रजिस्ट्रेशन के लिए QR कोड स्कैन करें




पं. विजयशंकर मेहता
डी.लिट्. (विद्यावाचस्पति)
हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन

संपर्क करें 7806065910 9669087404 https://ptvijayshankarmehta.com/courses/hanuman-chalisa-sadhana

## गुरुजी के आगामी कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29 अगस्त से 19 सितंबर | विदेश | विदेश यात्रा | |
| 20-21 सितंबर | जयपुर | कुछ गीता.. | श्री देवेंद्र शेखावत |
| 22-24 सितंबर | उज्जैन | भागवत त्रिवेणी | नागर समाज उज्जैन |
| 25-27 सितंबर | नागपुर | महापाठ | श्री महेश डालिया जी |
| 29 सितंबर | संभाजीनगर | एक शाम हनुमान.. | श्री एन.के. गुप्ता |
| 30 सितंबर- 6 अक्टूबर | जोधपुर | श्रीमद भागवत | श्री योगेश मूंदड़ा |
| 8-17 अक्टूबर | असम | ब्लॉक | श्री माहेश्वरी यात्रा ग्रुप |
| 18 अक्टूबर | सूरत | ब्लॉक | श्री महेश मित्तल |
| 20 अक्टूबर | जयपुर | महापाठ | श्री बाहेती जी |
| 23-25 अक्टूबर | चेन्नई | अग्रसेन जी कथा | श्री सीताराम गोयल |
| 30 अक्टूबर से 1 नवंबर | रांची | शिवपुराण त्रिवेणी | श्री उमाशंकर सिंह |
| 7-8 नवंबर | अहमदाबाद | ब्लॉक | दिव्य भास्कर |
| 12-18 नवंबर | लक्ष्मणगढ़ | कुटुंब रामायण | श्री निरंजन डागा |
| 24 नवंबर | कुशल पल्ली | तुम्हारे लिए | श्री मधुसुदन सुरेका |
| 1-7 दिसंबर | मंडी गोबिंदगढ़ | श्रीमद् भागवत | श्री दिनेश गर्ग |
| 8 दिसंबर | रायपुर | ब्लॉक | श्री रवि अग्रवाल |
| 9-15 दिसंबर | सुकताल | श्रीमद् भागवत | श्री नीरू तायल |
| 15-21 दिसम्बर | कोटा | श्रीमद भागवत मूलपाठ | श्री संदिप पाड़िया |
| 16-21 दिसम्बर | कोटा | श्रीमद भागवत | श्री संदिप पाड़िया |
| 22-28 दिसम्बर | झुंझुनू-बागड | श्री राम चरित्र मानस कथा | श्री किशोर रुंगटा जी |
| 29-31 दिसंबर | कोलकाता | हनुमत त्रिवेणी | श्री बैनी गोपालजी |
| | | 2027 | |
| 1 जनवरी | भिलाई | महाउत्सव | श्री नीरज पाल |
| 3-4 जनवरी | भोपाल | सेज यूनिवर्सिटी | श्री संजीव अग्रवाल |
| 5-11 जनवरी | धमतरी | शिवपुराण | श्री दीपक लखोटिया श्री एस एन राठी |
| 12 जनवरी | रांची | महापाठ | श्री राकेश जी (भास्कर) |
| 13-16 जनवरी | जमशेदपुर | श्री राम कथा | विजय किरण अग्रवाल |
| 18-24 जनवरी | रायपुर | श्री राम कथा | विजय किरण अग्रवाल |
| 25-27 जनवरी | गुंडरदही | ब्लॉक | श्री अर्जुनसिंह |
| 9 फरवरी | मंदसौर | ब्लॉक | श्री संजय सेठिया |
| 15 फरवरी | सिलीगुड़ी | ब्लॉक | श्री संतोष सोथालिया |
| 9 मार्च | संगरिया | ब्लॉक | स्व. राजेंद्र दयानंद जी |
| 15-21 मार्च | चित्रकूट | श्रीराम कथा | मानस विमर्श संस्थान, |
| 22 मार्च से 6 अप्रैल | भोपाल | ब्लॉक | डॉ. अजय मेहता |
| 7 अप्रैल | कोलकाता | महापाठ | श्री बंसल जी |
| 13-19 अप्रैल | उज्जैन | श्रीमद् भागवत | शांतम् परिवार |
| 14 अप्रैल | रायपुर | महापाठ | श्री मूंदड़ा जी |
| 15 अप्रैल | बिलासपुर | महापाठ | श्री भंडारी जी |
| 19 अप्रैल | शान्तम् | ब्लॉक | शान्तम् परिवार |
| 30 मई | जयपुर | ब्लॉक | श्री असीम गोयल |
| 16 अगस्त | इंदौर | महापाठ | श्री ओ.पी. पसारी |
| 25 अगस्त | नागपुर | महापाठ | श्री चांडक जी |
| 31 अगस्त से 6 सितंबर | | गया जी भागवत-1 | |
| 7-13 सितंबर | | गया जी भागवत-2 | |
| 16-30 सितंबर 30 सितंबर से | | पितृपक्ष गया जी | |
| 9 अक्टूबर | | शारदीय नवरात्रि | |
| 9 अक्टूबर | जयपुर | महापाठ | श्री बाहेती जी. |
| 10-15 दिसंबर | | व्यक्तिगत | |
| | | 2028 | |
| 1 जनवरी | भिलाई | महाउत्सव | श्री नीरज पाल |
| 3-9 जनवरी | हम्पी | श्रीराम कथा | मानस विमर्श संस्थान |
| 12 जनवरी | रांची | श्री राम कथा | मानस विमर्श संस्था |

# शान्तम् का अनूठा अनुष्ठानः पाठ आरती

## आप भी जुड़ सकते है इस नित्य अनुष्ठान से...

शान्तम् में प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक पाठ–आरती का विशेष अनुष्ठान होता है। इसमें हमारे विप्रजन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ मां शिप्रा की आरती की जाती है। कई यजमान अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगाठ या जीवन से जुड़ी अन्य किसी भी विशेष तिथि पर इसके सहभागी बनकर पुण्य प्राप्त कर शांति का अनुभव करते हैं। आप भी इस पुण्यलाभ के पात्र बन सकते हैं, बस संकल्प के साथ आपे गोत्रादि की जानकारी भेजकर..।

जानकारी के लिए संपर्क सूत्र है–
पं. लखन शर्मा (7067470234),
पं. लोकेश शर्मा (8770447483),
श्रीमती रजनी जोशी (9407125334)

**16 अगस्त से 31 अगस्त तक इन यजमानों ने इस अनुष्ठान के सहभागी बनकर पुण्यलाभ प्राप्त किया**


योगेश चंचलानी
कलकत्ता, 14 अगस्त 26



हर्ष धनोतिया
16 अगस्त 2026


बालकृष्ण मंगरोली , खंडवा
18 अगस्त 2026


श्रीमती यशिता दवे, मंदसौर
18 अगस्त 2026



योगेश्वर द्विवेदी, देवास
17 अगस्त 2026


सौरभ कुमार , दिल्ली
19 अगस्त 2026


दर्शिता साघी, नागपुर
19 अगस्त 2026


नवनीत कर्मा, खरगोन
20 अगस्त 2026


सपना पोरवाल, नागदा
20 अगस्त 2026


सुमित कुमार ओझा ,
गुड़गांव, 20 अगस्त


दिलीप लोहिया, नागपुर
20 अगस्त 2026


प्रकाश चित्तौड़ा जी
पूर्व विधायक, उज्जैन


गिरीश मूंदड़ा , इंदौर
22 अगस्त 2026


कान्ता देवी मुछाल
25 अगस्त 2026


कपिल गुप्ता , उज्जैन
26 अगस्त 2026


मनीष अग्रवाल , सूरत
26 अगस्त 26


वंदना जोशी, उज्जैन
27 अगस्त 2026


श्री ओम प्रकाश पसारी जी
शांतम- सचिव


मीना गुप्ता , पंजाब
26 अगस्त 26


प्रिशा भिंगारे, नागपुर
29 अगस्त 26



## जरा मुस्कराइए...

*आजकल के बच्चे भले ही अपने आपको बहुत बुद्धिमान समझें, परंतु बुढ़ापे के अनुभव के आगे सारी चालाकी धरी रह जाती है..*

**चंचला** बुढ़ापे में एक दिन पोती छबेली के साथ बैठी थी। तभी छबेली का एक दोस्त आ गया..।

**छबेली-** क्या तुम स्वेट मार्टन की 'फादर हियर एट होम' बुक लाए हो.?

**दोस्त-** नहीं..। मैं तो बर्नाड शॉ की 'वेयर केन वी मीट इन इवनिंग' लेने आया हूं।

**छबेली-** मेरे पास तो कार्ल मार्क्स की 'लास्ट कॉर्नर ऑफ गार्डन है'।

**दोस्त-** ओके..। तो तुम पाइथो गोरस की 'फोन मी विदिन 15 मिनट्स' भी दे देना।

**छबेली-** ओके..। मैं जेनोफिनिस की 'आई विल श्योरली कम' भी लेती आऊंगी..।

दोस्त ने दादी को प्रणाम किया और चला गया। दादी चंचला पोती छबेली से बोली- ये लडका इतनी सारी किताबों का नाम ले रहा था, सब एक साथ पढ़ लेता है.? और तू भी तो इतने सारे नाम ले रही थी..।


**छबेली-** दादी, वह हमारी क्लास का नंबर-1 स्टूडेंट है और मैं नंबर-2। हम दोनों ही बड़े इंटेलीजेंट हैं।

**दादी -** बेटा, तुझसे तो मैं बाद में निपट लूंगी, पर शाम को जब गार्डन के कार्नर पर मिलने जाए तो इस इंटेलीजेंट नंबर-1 से यह जरूर पूछना कि क्या उसने तुलसीदासजी की 'ओल्ड पिपुल्स आर नॉट फुलिश' पढ़ी है..?

# गोसेवा से उतारिए परिवार में सुख और शांति

**उज्जैन।**

हमारी भारतीय संस्कृति ने गोमाता को बहुत ऊंची कक्षा दी है। गाय एकमात्र ऐसा प्राणी है, जिसके शरीर से 24 घंटे पॉजिटिव एनर्जी बहती है। विश्व के पहले हनुमान चालीसा के ध्यान केंद्र शान्तम् (उज्जैन) में गोसेवा के साथ गो-ध्यान की विशेष किया करवाई जाती है। जो भी भक्त गोसेवा के रूप में पुण्यलाभ लेना चाहें, पं. लखन शर्मा (7067470234) , पं. लोकेश शर्मा (8770447483) से संपर्क कर सकते हैं।



## जीवन दर्शन

### भौरे से सीखें कैसे जीया जाए जीवन



जिस प्रकार भौंरा फूल को बिना कोई नुकसान पहुंचाए रस लेकर चल देता है, वैसे ही हम भी जिंदगी को बिना कोई हानि पहुंचाए जीवन जी लें।

**आज** के दौर में त्याग की बातें तो बहुत की जाती हैं, परंतु वास्तविक त्याग होता क्या है, इस बात को बहुत कम लोग समझ पाते हैं। बात देश की हो, समाज की या फिर परिवार की ही क्यों न हो, असल त्याग तब होता है, जब हम यह जान लेते हैं कि हमारा कुछ भी नहीं है। मनुष्य के भीतर जब यह भाव जागता है, तब जाकर त्याग घटता है। कई लोग त्याग का अर्थ संसार को छोड़ देना समझते हैं, लेकिन गहराई में देखा जाए तो संसार हमारा हुआ ही कब, जिसे छोड़ देने की बात की जाए। जिसने इस बात को समझ लिया, उसके लिए संसार में रहने का आनंद बहुत बढ़ जाएगा।

गौतम बुद्ध एक बड़ी सुंदर बात कह गए हैं कि जिस प्रकार भौंरा फूल और उसकी गंध को नुकसान पहुंचाए बिना रस ले लेता है, वैसे ही हम जिंदगी को बिना कोई हानि पहुंचाए जीवन को जी लें। यह भी बड़ी अहिंसा है। अहिंसा का ऐसा भाव जीवन में आते ही अशांति विदा हो जाती है। जीवन जो भी रस दे, उसे ग्रहण कर लें और बदले में आभार दे दें। कहीं ऐसे भंवरे न बन जाएं जो रस चूसने में इतने मशगूल हो जाते हैं कि उड़ना ही भूल जाते हैं। फिर शाम को जब फूल की पंखुड़ियां बंद होती हैं तो उसी में कैद होकर रह जाते हैं। जिंदगी का उसूल होना चाहिए रस लें, आभार दें और बिना किसी को कोई नुकसान पहुंचाए मुक्त हो जाएं।



# शान्तम् आया उज्जैन जिले का न्यायाधीश परिवार





**उज्जैन।** उज्जैन जिला न्यायालय के प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पी.सी गुप्ता 23 अगस्त को जिले की समस्त तहसीलों के न्यायाधीश परिवार के साथ विश्व के पहले हनुमान चालीसा से ध्यान के केंद्र शान्तम् आए।। शान्तम् परिवार द्वारा स्वागत-सत्कार के बाद सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा से ध्यान तथा हनुमत हवन किया। शान्तम् के प्रेरणास्त्रोत पं. विजयशंकर मेहताजी ने 'हनुमान चालीसा तथा परिवार प्रबंधन' विषय पर उद्बोधन देते हुए परिवार प्रबंधन के सूत्रों की व्याख्या की। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय संजीव गुप्ता, न्यायाधीश रामविलास गुप्ता (बड़नगर), नीतुकांता वर्मा (खाचरौद), विवेक शुक्ला (नागदा), कमलेश सनोडिया (महिदपुर), प्रेम साहू (तराना), जिला रजिस्ट्रार अनुराग शर्मा सहित 70 लोगों ने सहभागिता की।

### पं. मेहताजी विदेश यात्रा पर

## अमेरिका व कनाडा में विभिन्न स्थानों पर होंगे व्याख्यान...



**उज्जैन।** जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहताजी (हमारे हनुमान परिवार) 30 अगस्त को विदेश यात्रा पर रवाना हुए। 21 दिवसीय यात्रा में 1 से 8 सितंबर तक अमेरिका तथा 9 से 16 सितंबर तक कनाडा में विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान देंगे। उनके साथ धर्मपत्नी श्रीमती आभा मेहता भी हैं। 1 सितंबर को हिंदू टेंपल ऑफ सेंट्रल इंडियाना (अमेरिका) में 'एक शाम हनुमान के नाम' में हनुमान चालीसा की व्याख्या करेंगे। इसके अलावा इंडियाना पोलिस, सेंट लुईस तथा पिट्सबर्ग में भी अरुंधति दर्शन सहित अन्य विषयों पर कार्यक्रम होंगे। 9 से 16 सितंबर तक कनाडा के टोरंटो, मिसीसॉगा आदि शहरों में संवाद कार्यक्रमों में सहभागिता के बाद 19 सितंबर को स्वदेश वापसी करेंगे।

## इंदौर के मुछाल परिवार ने दान किया वॉटर कूलर

इंदौर के श्री ओ.पी. मुछाल ने शान्तम् को वॉटर कूलर दान किया। इस अवसर पर शान्तम के प्रेरणास्त्रोत पं. विजयशंकर मेहता, श्रीमती आभा मेहता तथा श्रीमती मूछाल उपस्थित रहीं।



